OGO
ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination
SLE 2024

**SET:** I

# GRADE 3

# हिंदी

**Subject Code:** 6 0 1

**Total Questions:** 30 **Total Marks:** 30 **Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोलें जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रक** पर दिए गए निर्देशों को पढ़ें और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **एचबी पेंसिल** से भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल 30 **बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। **प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।** दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रक** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फ़ोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली स्थानों पर रफ़ कार्य किया जा सकता है।

D:\Working\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-3_to_10\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-3_(02-08-2024)_OK\Open_Files\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-3_Set-I
\ 03-Aug-2024 Praveen Kumar Proof-5 Reader's Sign ____________________ Date __________



**निर्देश : इस प्रश्न-पत्र में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

## खंड (क) : कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

**1. 'तेलुगु' किस प्रांत की भाषा है?**

(A) 


(B) 


(C) 


(D) 


**2. [ ँ ] चिह्न निम्नलिखित में से किसका है?**

(A) अनुनासिक
(B) विसर्ग
(C) अनुस्वार
(D) 'न्' व्यंजन का


**3. 'क् + इ + त् + आ + ब् + अ' वर्णों के मेल से बना सही शब्द है–**

(A) कीताब
(B) किताब
(C) कइताब
(D) किताबअ



**4. कौन-सा वर्ण 'स्वर' का है?**

(A) र
(B) ड़
(C) ऋ
(D) ज



5. 'तालाब में कमल खिला है।' यहाँ रेखांकित पद क्या है?

(A) संज्ञा
(B) सर्वनाम
(C) विशेषण
(D) क्रिया

6. 'शेर' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है–

(A) शेरनी
(B) शेरी
(C) शेरनि
(D) शैरी

7. 'सारी ............................... बंद कर दो।' रिक्त स्थान के लिए सही शब्द चुनिए।

(A) खिड़कीं
(B) खिडकिया
(C) खिडकियां
(D) खिड़कियाँ

8. '................................ विद्यालय पास ही है।' रिक्त स्थान में कौन-सा सर्वनाम आएगा?

(A) तुम
(B) मेरा
(C) हम
(D) वह

9. 'सुंदरता' शब्द से बना सही विशेषण है–

(A) सुंदरी
(B) सौंदर्य
(C) सुंदर
(D) सुंदरा

10. 'प्रभा ने कहानी लिखी।' वाक्य में क्रिया है–

(A) प्रभा
(B) ने
(C) कहानी
(D) लिखी



11. 'रिया विद्यालय ...............................।' उपयुक्त क्रिया नहीं है–

(A) गई
(B) बैठी
(C) पहुँची
(D) आई

**12. 'अपना' शब्द का विलोम है–**

(A) दूसरा (B) बेगाना

(C) पराया (D) अन्य

**13. 'जिसे जीता न जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–**

(A) विजेय (B) अजेय

(C) सुजेय (D) नजेय

**14. 'कान पर जूँ न रेंगना' मुहावरे का सही अर्थ है–**

(A) कान को हमेशा साफ़ रखना (B) कान में कीड़े पड़ जाना

(C) किसी बात का असर न होना (D) किसी पर विश्वास न करना

**15. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?**

(A) षरबत (B) देश

(C) विषय (D) साहस

**16. 'बड़ों का .............................. लो।' रिक्त स्थान के लिए सही शब्द चुनिए।**



(A) आशीर्वाद

(B) आशीवार्द

(C) आर्शीवाद

(D) आशीवाद्र

**17. कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?**

(A) उस लड़के से चला नहीं जाता। (B) उस लड़के का नाम रोहित है।

(C) उस लड़के को बुला दो। (D) उस लड़के को चला नहीं जाता।

**18. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(A) तुम लोग इधर बैठिए।

(B) तू यहाँ से मत जाओ।

(C) आप अपना काम कीजिए।

(D) आप अपना काम कर ली।



19. 'तैंतालीस' का अंकों में लिखा सही रूप है–

(A) 43 (B) 46

(C) 49 (D) 44

20. '29' अंक का शब्दों में लिखा सही रूप है–


(A) उनतालीस (B) उनचास

(C) उनसठ (D) उनतीस

21. इनमें से कौन-से भारतीय साहित्यकार 'गुरुदेव' के नाम से विख्यात हैं?

(A) 
मुंशी प्रेमचंद

(B) 
बंकिम चंद्र चटर्जी

(C) 
रवींद्रनाथ टैगोर

(D) 
महादेवी वर्मा

22. भारत के किस स्थान को 'धरती का स्वर्ग' कहा जाता है?

(A) कश्मीर

(B) नागालैंड

(C) असम

(D) सिक्किम



**23. 'ध्यानचंद ट्रॉफ़ी' किस खेल के लिए दी जाती है?**

(A) 

फुटबॉल

(B) 

कबड्डी

(C) 

हॉकी

(D) 

बास्केट बॉल

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 24 तथा 25 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

थाली-सा गोल दिखाई देने वाला चाँद धरती से दो लाख मील से भी अधिक दूर है। चाँद के पास अपनी रोशनी नहीं है। यह सूर्य की रोशनी से चमकता है। चाँद पर पंद्रह दिन उजाला रहता है और पंद्रह दिन अँधेरा। जिस रात चाँद पूरा गोल दिखाई देता है, तब 'पूर्णिमा' होती है। धीरे-धीरे चाँद का आकार घटने लगता है और पंद्रहवें दिन यह पूरी तरह से दिखना बंद हो जाता है, तब 'अमावस्या' होती है।



**24. चाँद पृथ्वी से कितनी दूर है?**

(A) दो लाख मील
(B) दो लाख मील से अधिक
(C) दो हज़ार मील
(D) दो मील

**25. जिस रात चाँद पूरा गोल दिखाई देता है, तब होती है–**

(A) पूर्णिमा
(B) एकादशी
(C) अमावस्या
(D) त्रयोदशी

D:\Working\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-3_to_10\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-3_(02-08-2024)_OK\Open_Files\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-3_Set-I
\ 03-Aug-2024 Praveen Kumar Proof-5 Reader's Sign ____________________ Date __________



## खंड ( ख ) : उच्चस्तरीय चिंतन कौशल आधारित प्रश्न

**26. किस वाक्य में 'मोटा' विशेषण का प्रयोग सही हुआ है?**

(A) उस मोटा लड़का से बात मत करो। (B) मेरा भाई बहुत मोटा है।

(C) मदन की बहन मोटा है। (D) मुझे मोटा लोग पसंद नहीं है।

**27. 'पीठ थपथपाना', मुहावरे का सही प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?**

(A) भूख के मारे मैंने अपनी पीठ थपथपाई।

(B) यश अपने दादा जी की पीठ थपथपाता है।

(C) कक्षा में प्रथम आने पर दादा जी ने मेरी पीठ थपथपाई।

(D) रात होने पर मैंने अपनी पीठ थपथपाई।

**28.** 4 8 12 16 ..... **अगला अंक बताइए।**

(A) 19 (B) 20

(C) 15 (D) 25

**29. इनमें से व्याकरण का कार्य नहीं है–**

(A) भाषा में सोचने का तरीका सिखाना (B) भाषा का शुद्ध रूप बताना

(C) भाषा के नियम बताना (D) तीनों विकल्प गलत

**30. कौन-सा शब्द 'मनुष्य' शब्द का पर्याय नहीं है?**

(A) मानव (B) नर

(C) दानव (D) आदमी